बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन सं०– 54/2020, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक, रसायन के कुल 57 (सनतावन) पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

2. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित हैं:–**

1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) की तिथि	17.09.2020 से 05.10.2020 तक
2.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	09.10.2020 तक
3.	ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	16.10.2020 तक
4.	आयोग कार्यालय में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से आवेदन की हार्ड कॉपी एवं सभी कागजात/प्रमाण पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि	22.10.2020 के अपराह्न 05:00 बजे तक

नोट–1: **जिस तिथि को रजिस्ट्रेशन किया गया है उसकी अगली तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद परीक्षा शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के लिए आवेदक को लिंक उपलब्ध होगा।**

नोट–2: **जिस तिथि को भुगतान किया गया है उसकी अगली तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद आवेदक को ऑनलाईन Application Form भरने के लिए लिंक उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी दिनांक–09.10.2020 तक निश्चित रूप से भुगतान कर लें।**

3. **उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।**
4. **अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।**

16.9.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।